**NEERAJ®**

Serving Education for Last 40 Years

# तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में राजनीतिक प्रक्रियाएँ और संस्थाएँ

## ( Political Processes and Institutions in Comparative Perspective )

# B.P.S.C.-109

## B.A. Pol. Science (Hons.) - 4th Semester

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

**C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of**

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Harmeet Kaur*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**MRP ₹ 280/-**

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

Content

# तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में राजनीतिक प्रक्रियाएँ और संस्थाएँ

## ( Political Processes and Institutions in Comparative Perspective )


Question Paper–June-2023 (Solved) ........ 1-2
Question Paper–December-2022 (Solved) ........ 1
Question Paper–Exam Held in July-2022 (Solved) ........ 1
Question Paper–Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1
Sample Question Paper–1 (Solved) ........ 1

*S.No.* *Chapterwise Reference Book* *Page*

**तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन के दृष्टिकोण**
**( Approaches to Studying Comparative Politics )**

1. राजनीतिक संस्कृति ( Political Culture ) ........ 1
2. राजनीतिक आधुनिकीकरण ( Political Modernization ) ........ 14
3. राजनीतिक विकास ( Political Development ) ........ 27

**प्रतिनिधित्व और राजनीतिक भागीदारी**
**( Representation and Political Participation )**

4. राजनीतिक दलों की कार्य पद्धति ........ 36
( Functioning of the Political Parties )
5. दल प्रणाली ( Party Systems ) ........ 51
6. दबाव समूह ( Pressure Groups ) ........ 67
7. चुनावी प्रणाली और चुनावी प्रक्रियाएँ ........ 81
( Electoral Systems and Electoral Processes )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
| --- | --- | --- |

## तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में राज्य
**( State in Comparative Perspective )**

8. पश्चिमी यूरोप में राज्य का विकास ........ 88
( Evolution of State in Western Europe )

9. उत्तर-औपनिवेशिक राज्य ( Post-Colonial State ) ........ 98

10. बहुलवाद, राष्ट्र और राज्य ( Pluralism, Nation and State ) ........ 107

## लोकतंत्रीकरण
**( Democratization )**

11. उत्तर-औपनिवेशिक देशों में लोकतंत्रीकरण की प्रक्रिया ........ 119
( Process of Democratization in Post-Colonial Countries )

12. उत्तर-सत्तावादी और उत्तर-साम्यवादी देशों में लोकतंत्रीकरण ........ 129
( Demoratization in Post-Authoritarian and Post-Communist Countries )

## संघवाद और विकेन्द्रीकरण
**( Federalism and Decentralization )**

13. विकेन्द्रीकरण-ब्राजील, भारत और ब्रिटेन ........ 140
( Democratization – Brazil, India and Britain )

14. संघवाद-कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत ........ 151
( Federalism: Canada, Austraila and India )

■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS

www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में राजनीतिक प्रक्रियाएँ और संस्थाएँ

**( Political Processes and Institutions in Comparative Perspective )**

**B.P.S.C.-109**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** *प्रत्येक खंड में से कम-से-कम दो प्रश्न चुनते हुए, किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**खण्ड-I**

**प्रश्न 1. तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन के एक उपागम के रूप में राजनीतिक संस्कृति का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-3, 'तुलनात्मक दृष्टिकोण में राजनीतिक संस्कृति', पृष्ठ-4, 'राजनीतिक संस्कृति दृष्टिकोण का आलोचनात्मक मूल्यांकन', पृष्ठ-6, प्रश्न 4

**प्रश्न 2. राजनीतिक आधुनिकीकरण का अर्थ और महत्त्व स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-23, प्रश्न-5

**प्रश्न 3. तीसरी दुनिया के समाजों में लोकतांत्रिकरण की प्रक्रिया पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-18, प्रश्न-3

**प्रश्न 4. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

**( क ) राजनीतिक समाजीकरण**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-40, प्रश्न-3 (राजनीतिक समाजीकरण)

**( ख ) ढाई पार्टी प्रणाली**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-58, प्रश्न-3

**खण्ड-II**

**प्रश्न 5. भारत और कनाडा में संघवाद की कार्यप्रणाली का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-159, प्रश्न-3

**प्रश्न 6. राष्ट्र, राष्ट्रवाद और राज्य की अवधारणा का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-107, 'परिचय', 'राष्ट्र' राष्ट्रवाद और राज्य'

**प्रश्न 7. लोकतंत्र के प्रक्रियात्मक और वास्तविक पहलुओं पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-134, प्रश्न-1

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए–**

**( क ) राज्य का सापेक्ष स्वायत्तता का सिद्धान्त**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-101, प्रश्न-2

**( ख ) तुलनात्मक विधि**

**उत्तर–**तुलनात्मक पद्धति का अर्थ सीधी भाषा में समझें, तो आपस में तुलना करना है। तुलनात्मक पद्धति का प्रयोग हम अपने दिन-प्रतिदिन के जीवन में भी करते हैं। हम नेताओं, अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं मित्रों की तुलना कर उन्हें भला या बुरा, उचित या अनुचित, सफल या असफल, सक्षम और सक्षम ठहराते हैं। तुलनात्मक पद्धति का प्रयोग प्राकृतिक और सामाजिक सभी विज्ञानों में किया जाता है।

तुलनात्मक राजनीति राजनीति विज्ञान की एक शाखा एवं विधि है, जो तुलनात्मक अध्ययन पर आधारित है। तुलनात्मक राजनीति में दो या अधिक देशों की राजनीति की तुलना की जाती है या एक ही देश की अलग-अलग समय की राजनीति की तुलना की जाती है और देखा जाता है कि इनमें समानता क्या है और अन्तर क्या है।

तुलनात्मक राजनीति एक 'विज्ञान' है, क्योंकि इसके क्षेत्र में सम्मिलित किए जाने वाले विषयों का अध्ययन वैज्ञानिक विधि द्वारा किया जाता है। तुलनात्मक विधि और विश्लेषण, वैज्ञानिक विधि के ही महत्वपूर्ण अंग हैं। इसके अध्ययन के परम्परागत उपागमों,

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

जो वास्तव में वैज्ञानिक तरीके न थे, का स्थान अब उनके नये उपागमों–व्यवहारवादी, संरचनात्मक-कार्यात्मक, पद्धति विश्लेषण आदि ने ले लिया है। अब तुलनात्मक राजनीति ने एक स्वतन्त्र अनुशासन का पद प्राप्त कर लिया है। इस विषय पर अनेक मान्य और अधिकृत ग्रंथ हैं और विषय को यह स्थान दिलाने वाले अनेक विख्यात लेखक हैं। तुलनात्मक राजनीति कोई कला नहीं है, जिस प्रकार राजनीति को एक कला माना जाता है।

तुलनात्मक राजनीति का विकास हाल ही में हुआ है। इस विषय का वैज्ञानिक ढंग से विकास वर्तमान शताब्दी में विशेष रूप से विगत सात दशकों में हुआ है। वास्तव में, तुलनात्मक शासन विषय तुलनात्मक राजनीति से पहले विकसित हुआ और उस पर अनेक ग्रन्थ व रचनाएँ पूर्वगामी शताब्दी में भी प्रकाशित हुईं, किन्तु तुलनात्मक शासन (जो कि अब तुलनात्मक राजनीति का ही एक प्रमुख अंग है) का अध्ययन भी वैज्ञानिक ढंग से और नये उपागमों के अनुसार तुलनात्मक राजनीति के साथ ही विकसित हुआ।

तुलनात्मक राजनीति का अध्ययन-क्षेत्र अति व्यापक है। जैसा कि विषय के नाम से ही बताया जा चुका है, तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन में राजनीति के सभी पहलुओं, शासन के सभी अंगों व उनकी प्रक्रियाओं और राजनीतिक पद्धति के विभिन्न पहलुओं के अध्ययन को सम्मिलित किया जाता है।

■■

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में राजनीतिक प्रक्रियाएँ और संस्थाएँ
## ( Political Processes and Institutions in Comparative Perspective )

## तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन के दृष्टिकोण
### ( Approaches to Studying Comparative Politics )

## राजनीतिक संस्कृति
### ( Political Culture )

1

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

### परिचय

आमतौर पर माना गया है कि लोग अपने देश की राजनीति को कैसे देखते हैं, इसका पता राजनीतिक संस्कृति द्वारा ही लगाया जा सकता है। राजनीतिक संस्कृति राजनीतिक दर्शन का एक विशेष और असमान रूप है, जिसमें सरकारी, राजनीतिक और आर्थिक जीवन कैसे चलाया जाना चाहिए, से संबंधित विश्वासों, मूल्यों, मानदंडों और मान्यताओं का एक व्यापक रूप शामिल है। राजनीतिक संस्कृति को अपनी राजनीतिक व्यवस्था के संबंध के रूप में जाना जाता है। इसके ऐतिहासिक अनुभव के अंतर्गत सामाजिक समुदाय और राजनीति में व्यक्ति, रुचि, कौशल और राजनीतिक व्यवहार को प्रभावित करना शामिल है क्योंकि इन्हीं अनुभवों के आधार पर विदेशी नीति और घरेलू नीति में प्राथमिकताओं और प्रभावों का रूपांतरित रूप बनाया जाता है। राजनीतिक संस्कृति राजनीतिक परिवर्तन के लिए एक रूपरेखा तैयार करती है जो कि राष्ट्रों, राज्यों और अन्य समूहों के लिए विशेष मानी जाती है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### राजनीतिक संस्कृति दृष्टिकोण : उत्पत्ति, अर्थ, परिभाषा, प्रकृति और वर्गीकरण

राजनीतिक विज्ञान में राजनीतिक संस्कृति को आर्थिक आधुनिकीकरण का एक उत्पाद माना गया है। इसके आधुनिकीकरण के साथ राजनीतिक व्यवस्था में व्यक्ति की भूमिका के मूल्यों में भी परिवर्तन आया, इसीलिए यहां राजनीतिक संस्कृति एक व्याख्यात्मक कारक हो सकती है। किसी राष्ट्र की संस्कृति को चित्रित करने के लिए हमें उपसंस्कृतियों के महत्त्व को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए क्योंकि किसी देश की अंदरूनी वस्तुनिष्ठ स्थितियाँ संस्कृति के व्यवहार के लिए उत्तदायी मानी जा सकती हैं। राजनीतिक संस्कृति का अध्ययन राजनीतिक जीवन को समझने में मदद करता है। राजनीतिक संस्कृति शब्द एक ही समय में समावेश और व्यापक है। अनिवार्य रूप से इसमें राजनीति के बारे में आधारभूत मूल्य, विचार, विश्वास तथा समस्त दृष्टिकोण शामिल हैं। संस्कृति शब्द के कई अर्थ हैं, यह उन सभी चीजों को प्रभावित करता है जो लोग अपने समाज में करते हैं। कल्चर शब्द की उत्पत्ति शब्द 'कल्तूर' से हुई है। कल्चर एक समाज के ज्ञान के विशेष उच्च मूल्यों को प्रकट करता है।

संस्कृति को 'प्रकृति पर मनुष्य के प्रभाव' के रूप में परिभाषित किया गया था, परंतु सबसे पहले संस्कृति शब्द का प्रयोग एडवर्ड बी. टेलर ने अपनी पुस्तक 'प्रिमीटिव कल्चर' में 1871 में किया था। इसमें ज्ञान, विश्वास, कला, नीति, नैतिकता, कानून, परंपराएँ, लक्षण, प्रथा, क्षमताएँ और आदतें शामिल हैं। संस्कृति एक गतिशील और शक्तिशाली उपकरण है जो समाज के लोगों की संस्कृति या 'सामाजिक संस्कृति' है और राजनीतिक संस्कृति इसका एक अलग हिस्सा मानी गई है। राजनीतिक संस्कृति लोगों द्वारा बनाए गये दृष्टिकोणों और प्रथाओं का एक समूह है जो राजनीतिक व्यवहार को आकार देने के साथ एक अच्छे समाज का भी निर्माण करती है, जिसमें नैतिक, निर्णय, राजनीतिक मिथक,

www.neerajbooks.com



विश्वास, कला, नीति, नैतिकता, कानून, परंपराएँ, लक्षण, प्रथा, क्षमताएँ और आदतें शामिल हैं। संस्कृति एक गतिशील और शक्तिशाली उपकरण है जो समाज के लोगों की संस्कृति का एक अलग हिस्सा मानी गई है। राजनीतिक संस्कृति लोगों द्वारा बनाए गये दृष्टिकोणों और प्रथाओं का एक समूह है जो राजनीतिक व्यवहार को आकार देने के साथ-साथ एक अच्छे समाज का निर्माण करती है। इसमें नैतिक, निर्णय, राजनीतिक, मिथक, विश्वास और विचार शामिल हैं। इसमें इतिहास और परंपरा के ऐसे तत्व भी हैं, जो वर्तमान शासन की भविष्यवाणी, राष्ट्रीय विचारधारा, राष्ट्रीय लोकाचार भावना, राष्ट्रीय राजनीति मनोविज्ञान और लोगों के मूल्यों आदि की अवधारणा से जुड़े हुए हैं। राजनीतिक व्यवस्था का कोई भी रूप हो सकता है क्योंकि राजनीतिक संस्कृति को सभी पुरानी और नयी राजनीतिक व्यवस्थाओं के अस्तित्व का आधार माना गया है।

**राजनीतिक संस्कृति की परिभाषा**

सामाजिक विज्ञान के अनुसार 'दृष्टिकोण' विश्वास और भावनाओं का एक समूह जो राजनीतिक प्रक्रिया के लिए आदेश और अर्थ देता है और जो धारणाएँ और नियम प्रदान करता है तथा जो राजनीतिक व्यवस्था में व्यवहार को नियंत्रित करता है। सिडनी वर्बा ने राजनीतिक संस्कृति को राजनीतिक संपर्क और राजनीतिक संस्थानों के स्वरूप के बारे में विश्वासों की व्यवस्था के रूप में परिभाषित किया है। उन्होंने बाद में राजनीतिक संस्कृति के अध्ययनों के लिए एक सूचक मापदंड भी निर्धारित किया है। आलमंड और वर्बा के राजनीतिक संस्कृति के पाँच महत्त्वपूर्ण आयाम इस प्रकार हैं–

(क) राष्ट्रीय पहचान की भावना।
(ख) राजनीतिक जीवन में एक भागीदार के रूप में स्वयं के प्रति दृष्टिकोण।
(ग) साथी नागरिकों के प्रति दृष्टिकोण।
(घ) सरकारी उत्पादन और प्रदर्शन के संबंध में दृष्टिकोण और अपेक्षाएँ।
(ङ) निर्णय निर्माण की राजनीतिक प्रक्रिया के बारे में ज्ञान के प्रति दृष्टिकोण।

एंड्रयू हेवुड के अनुसार राजनीतिक संस्कृति लोगों का मनोवैज्ञानिक अभिविन्यास है।

रॉबर्ट ए. डाहल राजनीतिक संस्कृति कारक के रूप में राजनीतिक विरोध के विभिन्न स्वरूपों की व्याख्या करती है जिसके प्रमुख तत्व हैं–

- समस्या-समाधान का उन्मुखीकरण।
- सामूहिक कार्यों के लिए उन्मुखीकरण।
- राजनीतिक व्यवस्था के लिए उन्मुखीकरण।
- अन्य लोगों के लिए उन्मुखीकरण।

आलमंड और पॉवेल राजनीतिक संस्कृति की अवधारणा को तीन दिशाओं में विस्तृत करते हैं–

- इसकी व्यवस्थित संस्कृति, प्रक्रिया और नीति संस्कृति के रूप में व्याख्या की जा सकती है।
- अभिविन्यास की किस्में-संज्ञानात्मक, भावनात्मक और मूल्यांकनात्मक।
- इन घटकों के बीच व्यवस्थित संबंध।

लुसियन पाई (1965) के अनुसार राजनीतिक संस्कृति में व्यवहार, भावनाएँ, विश्वास और मूल्य आदि गुण शामिल हैं, जो राजनीति की प्रकृति से संबंधित और राजनीतिक प्रक्रियाओं को रूप और सारांश प्रदान करते हैं। इस प्रकार राजनीतिक संस्कृति राजनीतिक विषयों के लिए नागरिकों के उन्मुखीकरण का समस्त वितरण है। तुलनात्मक राजनीति के विभिन्न आयामों को समझने के लिए यह एक महत्त्वपूर्ण दृष्टिकोण है।

**राजनीतिक संस्कृति के घटक और परिवर्तन**

राजनीतिक संस्कृति की पुरातनता का पता प्राचीन काल से लगाया जा सकता है। मोंटेस्क्यू, जोहान गॉटफ्राइड हर्बर और एलेक्सिस डी टोकेविल आदि पुरातनशास्त्री हैं। आधुनिक तुलनात्मक राजनीति में इसकी उत्पत्ति आलमंड के 1956 के प्राथमिक लेखन "कम्पेरेटिव पॉलिटिकल सिस्टम" से हुई। 1963 में आलमंड और वर्बा ने 'द सिविक कल्चर" से शुरुआत की। शुरू में राजनीतिक वैज्ञानिक विभिन्न राष्ट्रों की राजनीतिक संस्कृतियों के बीच भिन्नताओं को मापने की संभावना से उत्साहित थे। बाद में उन्होंने कुलीन राजनीतिक संस्कृति और नृजातीय राजनीतिक आदि जैसी संस्थाओं का अध्ययन किया। 1970 के दशक में राजनीतिक संस्कृति साहित्य में सांस्कृतिक प्रतीकों को समाज के अधिकांशतः अभिनेताओं द्वारा गहराई से आकार दिया गया, जो स्थिरता और रूढ़िवादी विचारधारा को बढ़ावा देते हैं। वहीं राजनीतिक संस्कृति के अध्ययन ने स्थिति को विशेषाधिकार प्रदान करने की प्रवृत्ति को बढ़ाया। उत्तर-आधुनिकतावादी समाज में सांस्कृतिक परिवर्तन काफी महत्त्वपूर्ण रहे। यहां राजनीतिक संस्कृति के साथ कुलीन वर्ग की राजनीतिक संस्कृति भी है, जिसमें राजनीतिक सत्ता के केंद्रों के निकट लोगों द्वारा आयोजित राजनीति के बारे में विश्वास, दृष्टिकोण और विचार आदि शामिल हैं। वैश्विक राजनीतिक संस्कृति के व्यापक पहलुओं को समझने के लिए पूरे विश्व की सीमा को व्यापक दृष्टिकोण से देखा जाता है। वहीं समय की अवधि में कुछ कारक राजनीतिक संस्कृति को आकार देते हैं। कुछ महत्त्वपूर्ण कारक सूचीबद्ध हैं, जैसे कि–

- राजनीतिक विश्वास और मूल्य
- राजनीतिक प्रक्रिया
- संपूर्ण प्रणाली
- प्रतीक
- राजनीतिक कार्रवाई
- अभिविन्यास

**संज्ञानात्मक–**ज्ञान, यथार्थ, राजनीतिक प्रणाली।

**प्रभावशाली–**लगाव की भावनाओं, भागीदारी, अस्वीकृति और राजनीतिक विषयों के समान।

**मूल्यांकनात्मक–**राजनीतिक विषय संबंधी निर्णय, विचार।

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



- परंपरा और आधुनिकता
- संस्कृतिवाद
- सामाजिक संरचना
- भूगोल
- नृजातीय वास्तविकताएँ या मतभेद
- विचारधारा
- राज्य का इतिहास
- सामाजिक-आर्थिक संरचना
- शासन का रूप
- कुलीन वर्ग की भूमिका

## राजनीतिक संस्कृति का वर्गीकरण

विभिन्न विद्वानों द्वारा राजनीतिक संस्कृति के संदर्भ में विभिन्न अध्ययन किए गए। इनमें से एक गेब्रियल, ए. आलमंड और सिडनी वर्बा द्वारा तथा दूसरा सैमुअल ई. फाइनर द्वारा प्रमुख राजनीतिक अध्ययन किए गए हैं। वर्गीकरण का वर्णन इस प्रकार है–

### आलमंड और वर्बा का वर्गीकरण

आलमंड और वर्बा ने 1963 में सिविक कल्चर के दौरान सर्वेक्षण किए। उन्होंने तीन प्रकार की राजनीतिक संस्कृति की पहचान इस प्रकार की है–

**1. संकीर्ण राजनीतिक संस्कृति**–संकीर्ण राजनीतिक संस्कृति वहाँ पाई जाती है, जहाँ नागरिक केवल केंद्र सरकार के निर्णयों के बारे में कम जानते हैं। जैसे कि दूरस्थ जनजातियों में यह संस्कृति निष्क्रिय समाजों में पाई जाती है, जहाँ राजनीतिक संस्कृति के प्रति लोगों की जागरूकता, अपेक्षाएँ और भागीदारी कम होती है।

**2. प्रजा राजनीतिक संस्कृति**–प्रजा राजनीतिक संस्कृति के अंतर्गत नागरिकों का राजनीतिक व्यवस्था की ओर ध्यान निष्क्रिय होता है। वे स्वयं पर राजनीतिक प्रक्रिया के न्यूनतम प्रभाव को मानते हैं। इसमें संस्कृति केंद्रीकृत सत्तावादी संरचना के अनुकूल होने के कारण लोगों की जागरूकता और अपेक्षाएँ अधिक होती हैं, परंतु भागीदारी कम होती है।

**3. प्रतिभागी राजनीतिक संस्कृति**–प्रतिभागी राजनीतिक संस्कृति में नागरिक राजनीतिक गतिविधियों से सरकार को प्रभावित कर सकते हैं और वे भी इसमें प्रभावित होते हैं। इसमें नागरिक राजनीति के घटकों की ओर आकर्षित होता है और भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। इसमें लोगों में उच्च स्तर की जागरूकता, भागीदारी और अपेक्षाएँ होती हैं।

आलमंड और वर्बा के द्वारा उपर्युक्त तीन श्रेणियों के अलावा राजनीतिक संस्कृति को तीन उप-प्रकारों में पुनः बाँटा गया है, जो इस प्रकार हैं–

**1. संकीर्ण और प्रजा**–इस प्रकार की राजनीतिक संस्कृति संकीर्ण अभिविन्यास से प्रजा अभिविन्यास में एक परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। नागरिकों में केंद्रीय सत्ता के बारे में जागरूकता को विकसित करती है।

**2. प्रजा और प्रतिभागी**–इस प्रकार की राजनीतिक संस्कृति प्रजा अभिविन्यास से प्रतिभागी अभिविन्यास में एक परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। नागरिक सक्रिय होकर प्रक्रिया में भाग लेते हैं।

**3. संकीर्ण और सहभागी**–इस प्रकार की राजनीतिक संस्कृति संकीर्ण अभिविन्यास से सहभागी अभिविन्यास में एक परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। सहभागी संस्कृति लोकतांत्रिक राजनीतिक संरचना के अनुरूप है। इसमें राजनीतिक संस्कृति और राजनीतिक आदर्श के बीच सामंजस्य समस्या उत्पन्न होती है।

### फाइनर का वर्गीकरण

सैमुअल ई. फाइनर ने अपने विश्लेषण में राजनीतिक संस्कृति का चार स्तरों पर वर्गीकरण किया है–

**1. परिपक्व राजनीतिक संस्कृति**–परिपक्व राजनीतिक संस्कृति सत्ता के हस्तांतरण की प्रक्रिया की व्यापक सार्वजनिक स्वीकृति होती है और यह एक प्रकार का संगठित जनमत है।

**2. विकसित राजनीतिक संस्कृति**–विकसित राजनीतिक संस्कृति में नागरिक संस्थान अत्यधिक विकसित होते हैं और जनता शक्तिशाली रूप में संगठित होती है।

**3. निम्न राजनीतिक संस्कृति**–निम्न राजनीतिक संस्कृति में राजनीतिक व्यवस्था कमजोर और संकीर्ण रूप से संगठित होती है।

**4. न्यूनतम राजनीतिक संस्कृति**–न्यूनतम राजनीतिक संस्कृति निम्न स्तर पर, राजनीतिक व्यवस्था में स्पष्ट जनमत मौजूद नहीं है और राजनीतिक व्यवस्था में स्पष्ट जनमत मौजूद नहीं है तथा सरकार जनता को आसानी से अनदेखा कर सकती है। इसमें एक व्यक्ति या संस्था अपनी इच्छा को बल प्रदान कर सकता है।

## तुलनात्मक दृष्टिकोण में राजनीतिक संस्कृति

आलमंड के अनुसार राजनीतिक प्रणाली का चार प्रकार का वर्गीकरण निम्न शर्तों पर आधारित है–

- राजनीतिक प्रणाली कार्रवाई की एक प्रणाली है।
- राजनीतिक प्रणाली की इकाई भूमिका है।
- राजनीतिक प्रणाली की संपत्ति के अंतर्गत क्षेत्र और जनसंख्या पर शारीरिक बल प्रयोग का वैध एकाधिकार है।
- राजनीतिक संस्कृति सामान्य संस्कृति के समान नहीं है, यह इससे संबंधित है।

आलमंड का वर्गीकरण इस प्रकार है–

**1. एंग्लो-अमेरिकन राजनीतिक व्यवस्था**–यह व्यवस्था परिपक्व राजनीतिक संस्कृति का एक रूप है। इसमें राजनीतिक संस्कृति का सर्वसम्मति और उच्च स्तर शामिल है। यह व्यवस्था सजातीय और धर्मनिरपेक्ष होती है।

- सजातीय संस्कृति जिसमें राजनीतिक उद्देश्यों की साझेदारी होती है, जैसे–जन कल्याण, सुरक्षा के लक्ष्य, साधन।
- धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक प्रक्रिया में उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत की गई नीतियों को परिकल्पना के रूप में देखा जाता है।
- **प्रणाली के मूल सिद्धांत**–स्वतंत्र, समानता, लोकतंत्र, नागरिक कर्त्तव्य, व्यक्तिगत जिम्मेदारी, ट्रेड यूनियनवाद आदि।
- **बहुल समाज**–विभिन्न दल और रुचि समूह।
- **नियंत्रण और संतुलन**–सत्तावादी शासन की संभावना में नियंत्रण और संतुलन।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



- शक्ति का पृथक्करण और विभेदित भूमिकाओं की स्थिरता।
- राजनीतिक विचारधाराएँ-बहुसंस्कृतिवाद, उदारवाद/कल्याणकरी राज्य।
- राजनीतिक लोककथाएँ-प्रतीक का प्रयोग।
- नागरिक वर्चस्व।

**2. महाद्वीपीय यूरोपीय राजनीतिक व्यवस्था**–यह विकसित राजनीतिक संस्कृति का रूप है। इसमें यूरोपीय देश शामिल हैं, जैसे–इटली, फ्रांस और नॉर्वे आदि।

**खंडित राजनीतिक संस्कृति**–इसमें समान के कई वर्ग असमान रूप से विकसित होते हैं, जिसमें विशेष उप-संस्कृतियाँ पाई जाती हैं।

**कोई राजनीतिक सौदेबाजी नहीं**–इसमें उप-संस्कृतियों में श्रेष्ठता और शक्ति की दौड़ पाई जाती है क्योंकि इसमें राजनीति एक खेल के समान हो जाती है।

**अपेक्षित मानदंड**–इसमें शामिल हैं–स्थिरता, शासन, मानवाधिकार और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा।

**शासन का रूप**–इसमें शामिल हैं राजतंत्रवाद, गणतंत्रवाद, राष्ट्रपति, अर्ध-राष्ट्रपति, संसदीय गणतंत्र।

- अंतर्राष्ट्रीय संगठन का गठन-यूरोपीय संघ
- संस्थाओं की वैधता
- नागरिक सरकार

**3. विकासशील देश राजनीतिक व्यवस्था**–इस व्यवस्था में औपनिवेशिकों द्वारा उभरे देश शामिल हैं–

- मालिक और प्रजा
- समय के साथ नियम द्वारा वैधता का नया स्रोत
- एकल संरचना अनंत राजनीतिक संस्कृति
- इतिहास की समानता
- मतदान के अधिकार तथा शासन में लोगों को भागीदारी प्रदान करने के द्वारा विषय की प्रधानता
- कृषि-औद्योगिक जुड़े समाज।

**4. एकदलीय राजनीतिक प्रणाली**–इसें सोवियत संघ और चीन देश शामिल हैं।

- केंद्र की वैधता
- शक्ति का केंद्रीकरण
- अधिकारी वर्ग, पुलिस और सेना का पदानुक्रम
- प्राधिकरण द्वारा दबाव का प्रयोग
- सांस्कृतिक विकास का एकल स्वरूप
- एकात्मक प्रणाली
- कम लोगों की भागीदारी

## राजनीतिक संस्कृति दृष्टिकोण का आलोचनात्मक मूल्यांकन

लूसियन पाई ने तुलनात्मक राजनीतिक संस्कृति के इस दृष्टिकोण की आलोचना करते हुए कहा है कि किसी भी समाज में शासकों की संस्कृति में और जनता की संस्कृति के बीच भौतिक अंतर नहीं होता है। राजनीतिक संस्कृति अपने आप में सामान्य रूप में संस्कृति की उप-प्रणाली है क्योंकि इसमें देश की राजनीतिक संस्कृति का वर्णन स्थिर होता है। राजनीतिक अनुभवों की प्रतिक्रिया में एक संस्कृति निरंतर कैसे विकसित होती है।

राजनीतिक संस्कृति के दृष्टिकोण ने राजनीतिक वैज्ञानिकों की व्यापक समझ और इससे मनोवैज्ञानिक वातावरण की जाँच करने की क्षमता को बढ़ाया है। इसने राजनीतिक प्रणालियों के सूक्ष्म और स्थूल अध्ययनों के संचालन के साथ-साथ राजनीति के बीच के अंतर को समझने में योगदान दिया है।

राजनीतिक संस्कृति दृष्टिकोण ने राजनीतिक वैज्ञानिकों को राजनीतिक समाजीकरण की प्रक्रिया के लिए भी तैयार किया है जिसके माध्यम से समाज की राजनीतिक संस्कृति एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जाती है। राजनीतिक संस्कृति व दृष्टिकोण का उपयोग राजनीतिक प्रणालियों में विकास, परिवर्तन, राज्य परिवर्तनों की प्रकृति और गतिशीलता की जाँच के लिए भी किया जाता है।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. राजनीतिक संस्कृति को परिभाषित करें।**

**उत्तर**–राजनीतिक संस्कृति को विभिन्न विद्वानों ने विभिन्न दृष्टिकोणों से परिभाषित किया है, जैसे कि अंतर्राष्ट्रीय विश्वकोष ने राजनीतिक संस्कृति को इस प्रकार परिभाषित किया है, "दृष्टिकोण, विश्वास और भावनाओं का समूह है, जो एक राजनीतिक प्रक्रिया के लिए आदेश और अर्थ देता है और जो अंतर्निहित धारणाएँ और नियम प्रदान करता है, जो राजनीतिक व्यवस्था में व्यवहार को नियंत्रित करता है। गेब्रियल ए. आलमंड और सिडनी वर्बा ने राजनीतिक संस्कृति को विशेष रूप से राजनीतिक व्यवस्था और इसके विभिन्न भागों के प्रति राजनीतिक झुकाव, दृष्टिकोण और प्रणाली में स्वयं की भूमिका के प्रति दृष्टिकोण को संदर्भित किया है। उन्होंने राजनीतिक संस्कृति को राजनीतिक संपर्क और राजनीतिक संस्थानों के स्वरूप के बारे में विश्वासों की प्रणाली कहा है। उनके अनुसार ये विश्वास मौलिक हैं। उन्होंने बाद में राजनीतिक संस्कृति के अध्ययनों के लिए राजनीतिक संस्कृति का एक सूचक मापदंड भी पेश किया, जो इसे अन्य विशेष राजनीतिक मनोवैज्ञानिक निर्माणों जैसे कि पक्षपातपूर्ण संबंधता और दृष्टिकोण तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों के बारे में विश्वास से अलग करता है। उन्होंने इससे संबंधित पाँच महत्त्वपूर्ण आधारों की पहचान की है, जिसमें राजनीतिक संस्कृति का आधार निम्न है–

1. राष्ट्रीय पहचान से भावना राजनीतिक संस्कृति का मुख्य आधार माना गया है।
2. राजनीतिक जीवन में एक भागीदारी के रूप में स्वयं के प्रति दृष्टिकोण अनिवार्य है।
3. स्वयं के प्रति दृष्टिकोण के साथ-साथ अपने साथी नागरिकों के प्रति दृष्टिकोण भी जरूरी माना गया है
4. सरकारी उत्पादन और प्रदर्शन के संबंध में दृष्टिकोण क्या है और उनकी क्या अपेक्षाएँ हैं।
5. निर्णय-निर्माण की राजनीतिक प्रक्रिया के बारे में ज्ञान के प्रति दृष्टिकोण भी जरूरी माना गया है।

www.neerajbooks.com